प्रेषक,

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : टैब0 वित0/ 5421-22 /2025-26, दिनांक 31 दिसम्बर 2025

विषय– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट वितरण हेतु डिजीशक्ति वेब पोर्टल पर जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किये जाने हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद कार्यालय के पत्र संख्या : रा0शै0/47339-40/2023-24, दिनांक 02 फरवरी 2024, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास अनुभाग-1 के पत्र संख्या : 77-1099/156/2021-1, दिनांक 20.10.2023 एवं मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.08.2023 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के कम में अनु सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग-04 के पत्र संख्या : 1171/अरसठ-4-2023, बेसिक शिक्षा अनुभाग-4, दिनांक 11.01.2024 द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत, बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन डी0एल0एड0 पाठ्यकम के लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के कम में परिषद कार्यालय एवं यू0पी0डेस्कों से प्राप्त निर्देशों के अनुसार स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डी0एल0एड0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को टैबलेट वितरण योजना से आच्छादित किये जाने हेतु डिजीशक्ति वेब पोर्टल पर जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किये जाने हेतु निम्नवत् सूचनाएं वांछित है-

| जनपद/डायट का नाम | नोडल अधिकारी का नाम | पदनाम | ईमेल आईडी | मोबाइल नम्बर | व्हाट्सएप नम्बर | पिन कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| | | | | | | |

अतः उक्त सूचनाएं 03 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे अग्रेत्तर कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

भवदीय

31.12.25

रजिस्ट्रार
नोडल अधिकारी
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0 : टैब0 वित0/ 5421-22 /2025-26, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :- निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ महोदय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

31.12.25

रजिस्ट्रार
नोडल अधिकारी
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।